हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 4 नवंबर 2025

04 24 घंटे के आश्वासन पर माने प्रदर्शनकारी...



07 खुलेआम हाइवे के किनारे चल रहे आहते उड़ रही...





## खबर संक्षेप

### नरवाई जलाने पर कलेक्टर ने लगाया पूर्ण प्रतिबंध

**सीहोर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी बालागुरू के. ने निषेधात्मक आदेश जारी करते हुए जिले की संपूर्ण राजस्व सीमा में नरवाई जलाने पर तत्काल प्रभाव से पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। यह आदेश पर्यावरण संरक्षण, जनसुरक्षा और आगजनी की घटनाओं की रोकथाम को ध्यान में रखते हुए जारी किया गया है और आगामी 31 दिसम्बर 2025 तक प्रभावशील रहेगा। यदि कोई व्यक्ति इसका उल्लंघन करता है, तो उसके विरुद्ध कठोर दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर द्वारा जारी आदेशानुसार जिन किसानों को अपने खेतों की जुताई करनी है, वे रोटावेटर या अन्य कृषि यंत्रों का उपयोग कर अवशेषों को मिट्टी में मिला सकते हैं। यदि कोई किसान नरवाई जलाते हुए पाया गया तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जारी आदेशानुसार नरवाई जलाने वाले जिन किसानों की भूमि दो एकड़ से अधिक तथा पाँच एकड़ से कम है, उन्हें प्रति घटना पाँच हजार रुपये का पर्यावरणीय मुआवजा वसूला जाएगा। इसी प्रकार जिन किसानों की भूमि पाँच एकड़ या उससे अधिक है, उनसे प्रति घटना पंद्रह हजार रुपये का पर्यावरणीय मुआवजा वसूला जाएगा। कलेक्टर बालागुरू के. ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे नरवाई न जलाने के लिए किसानों को प्रेरित करें और नरवाई जलाने की घटनाओं की निगरानी करें, ताकि कोई भी व्यक्ति खेतों में नरवाई न जलाए।

### आरटीओ से अब किसी भी जिले का ले सकेंगे रजिस्ट्रेशन नंबर

**सीहोर।** वाहनों के रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया अब सरकार ने आसान कर दी है। सीहोर के परिवहन कार्यालय में प्रदेश के किसी भी जिले का रजिस्ट्रेशन नंबर प्राप्त किया जा सकता है। पहले इसके लिए संबंधित जिले के आरटीओ में जाना पड़ता था। अब वाहनों का रजिस्ट्रेशन वाहन-4 पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है। नई सुविधा के तहत अगर किसी ने सीहोर से वाहन खरीदा है और वह भोपाल, इंदौर या उज्जैन जिले का रजिस्ट्रेशन नंबर चाहता है, तो अब ऐसा करना संभव है। अपने मूल निवास या प्रदेश के किसी भी जिले का पंजीयन नंबर उस जगह से प्राप्त कर सकेगा, जहां उसने वाहन खरीदा। आरटीओ से मिली जानकारी के अनुसार लोगों को अपने वाहनों के पंजीयन के लिए भौतिक रूप से परिवहन कार्यालयों में नहीं जाना पड़ेगा। वे मोटरयान क्रय करते समय संबंधित ऑटोमोबाइल डीलर के माध्यम से यह सुविधा प्राप्त कर सकेंगे।

## कॉलेज में फर्जीवाड़ा, आरटीआई से हुआ खुलासा, एक साल बाद भी खिलाड़ियों को ड्रेस मिली न खेल भत्ता

# गड़बड़ी : विद्युत मरम्मत और सीसीटीवी कैमरे सुदृढ़ीकरण के नाम पर निकाली हजारों की राशि

विभिन्न अनियमितताओं और गड़बड़ी के चलते अक्सर सुर्खियों में रहने वाला नगर का सरकारी महाविद्यालय एक बार फिर लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

नगर में संचालित एक मात्र सरकारी महाविद्यालय में एक बार फिर गड़बड़ी और वित्तीय अनियमितताएं किएं जाने के मामलें प्रकाश में आए हैं। यहां विद्युत मरम्मत और सीसीटीवी कैमरे सुदृढ़ीकरण के नाम पर हजारों रुपए के बिल बाउंचर लगाकर राशि निकाली गई जबकि धरातल पर ना तो विद्युत मरम्मत व रिपेयरिंग कार्य कराया गया और ना ही सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इतना ही नहीं एक साल पहले सीहोर सहित अन्य शहर में आयोजित बैडमिंटन और कबड्डी प्रतियोगिता में शामिल होने गई टीम के खिलाड़ियों को अभी तक ड्रेस और यात्रा भत्ते का भुगतान भी नहीं किया गया है। जबकि हैरानी की बात यह है कि खेल प्रभारी द्वारा पहले ही ड्रेस व भत्ते के बिल बाउंचर लगाकर राशि आहरण की जा चुकी है। मामलों का खुलासा हालही में आरटीआई के तहत मांगी गई जानकारी से हुआ है। मामले का खुलासा होने के बाद से प्रबंधन इस पर पर्दा डालने में जुट गया है।

विभिन्न अनियमितताओं और गड़बड़ी के चलते अक्सर सुर्खियों में रहने वाला नगर का सरकारी महाविद्यालय एक बार फिर लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। दरअसल इस बार कॉलेज प्रबंधन पर वित्तीय अनियमितताओं के आरोप लग








रहे है। सूचना का अधिकार अधिनियम ( आरटीआई ) के तहत प्राप्त की गई जानकारी में इसका खुलासा हुआ है। दरअसल प्रबंधन द्वारा वित्तीय वर्ष 2024 माह अक्टूबर में कॉलेज में आंतरिक व बाह्य परिसर में सीसीटीवी कैमरे सुदृढ़ीकरण एवं विद्युत मरम्मत के नाम पर करीब 23 हजार रुपए की राशि निकाली गई, जबकि भवन में किसी भी तरह का विद्युत रिपेयरिंग कार्य नहीं कराया गया और ना ही सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है। कॉलेज के छात्र-छात्राओं का कहना है कि महाविद्यालय में लंबे समय से विद्युत बोर्ड टूटे-फूटे पड़े हैं। अधिकांश कमरों में पंखे भी खराब पड़े हैं। इतना ही नहीं सीसीटीवी कैमरों की मॉनीटरिंग के लिए प्राचार्य कक्ष में जो कम्प्यूटर सिस्टम लगा है वह भी महीनों से बंद है। ऐसे में महाविद्यालय व परिसर में असामाजिक तत्वों का अड्डा बना हुआ है।

### जो किट दी गई थी वह भी वापस ले ली गई

पिछले वर्ष सीहोर व डोबी में आयोजित बैडमिंटन व कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। जिसमें कॉलेज की टीमों ने भाग लिया था। लेकिन एक वर्ष से अधिक समय गुजरने के बावजूद उक्त टीम की खिलाड़ियों को ड्रेस मिली और न ही यात्रा भत्ता दिया गया है। जबकि खेल प्रभारी कलावती गड़रिया के बैंक खाते में करीब 21 हजार रूपए राशि का भुगतान वित्तीय वर्ष 2024 माह नवम्बर में हो चुका है। इस संबंध में खिलाड़ी बिंदु प्रजापति, खुशी ठाकुर , आरती , सलोनी ठाकुर ने बताया कि एक साल पहले बैडमिंटन और कबड्डी प्रतियोगिता में शामिल होने गई थी, लेकिन हमें न तो ड्रेस दी गई और न ही अभी तक यात्रा भत्ता दिया गया है। उस समय हमें जो किट दी गई थी वह भी हमसे वापस ले ली गई। यात्रा भत्ता के संबंध में कई बार खेल प्रभारी मैडम से पूछा गया लेकिन वह हर बार आश्वासन देती रही। मगर भत्ता अभी तक नहीं दिया गया है।

### किया जाएगा आंदोलन



कॉलेज में अनियमितताओं एवं भ्रष्टाचार को लेकर मुझे छात्र -छात्राओं की लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही है । मेरे द्वारा हालही में आईटीआई के माध्यम से कुछ जानकारी ली गई ,जिसमें भ्रष्टाचार और वित्तीय अनियमितताओं के मामले उजागर हुएं है। इसको लेकर जल्दी ही कलेक्टर को लिखित शिकायत की जाएगी । साथ ही बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

-देवेंद्र ठाकुर, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष सीहोर

### नहीं दे सकती जानकारी

मैं अभी बाहर हूं, इसलिए इस संबंध में कोई भी जानकारी आपको नहीं दे सकती।

**कलावती गड़िरया,** खेल प्रभारी

### प्रभारी को किया जा चुका है भुगतान

कबड्डी और बैडमिंटन प्रतियोगिता में शामिल हुई टीम की खिलाड़ियों को यात्रा भत्ता का भुगतान नहीं हुआ है इसकी सूचना प्राप्त हुई है। लेकिन खेल प्रभारी कलावती गड़रिया है इसके चलते उसका भुगतान उनके खाते में किया गया है। मुझे सीसीटीवी कैमरे व विद्युत मरम्मत के बारे में फिलहाल जानकारी नहीं है । इस संबंध में जानकारी लेकर ही कुछ बता पाऊंगी ।

**सुनीता यादव,** प्रभारी प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय

## कृषि विभाग का दावा: पर्याप्त खाद उपलब्ध टोकन पर्ची से लाइन लगा रहे किसान



**सीहोर।** रबी सीजन की तैयारी के चलते जिले के खाद वितरण केंद्रों पर किसानों की भीड़ लगातार बढ़ रही है। किसानों को खाद के लिए लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है। कई जगहों पर सुबह से ही किसान केंद्रों पर पहुंच रहे हैं, जिससे व्यवस्थाएं प्रभावित हो रही हैं। हालांकि, कृषि विभाग का कहना है कि जिले में पर्याप्त मात्रा में खाद मौजूद है और किसानों को चिंता करने की जरूरत नहीं है।

### अब तक हुआ खाद वितरण

1 अक्टूबर से अब तक सहकारी संस्थाओं द्वारा19260 मी.टन यूरिया, 7179 मी.टन डीएपी, 5815 मी.टन एसएसपी, 4684 मी.टन एनपीके वितरित किया गया है।निजी विक्रेताओं द्वारा भी 7545 मी.टन यूरिया, 1727 मी.टन डीएपी, 4535 मी.टन एसएसपी, 2352 मी.टन एनपीके, और 203 मी.टन पोटाश किसानों को दी जा चुकी है।कुल मिलाकर जिले में 26805 मी.टन यूरिया और अन्य खादों का बड़ा हिस्सा किसानों को वितरित हो चुका है।

### टोकन प्रणाली से वितरण हो रहा सुचारू

खाद वितरण की प्रक्रिया को सरल और व्यवस्थित बनाने के लिए विभाग ने टोकन प्रणाली लागू की है। किसानों को टोकन देकर क्रमवार खाद दी जा रही है, ताकि भीड़ और अव्यवस्था से बचा जा सके। विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे घबराएं नहीं, जिले में सभी प्रकार की खाद का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है।

### जिले में पर्याप्त भंडार होने का दावा

उपसंचालक कृषि अशोक उपाध्याय ने बताया कि रबी 2025-26 के लिए जिले को पर्याप्त खाद उपलब्ध कराई गई है।सहकारी समितियों में 22136 मी.टन यूरिया, 10138 मी.टन डीएपी, 10028 मी.टन एसएसपी, 6749 मी.टन एनपीके का भंडार है।

### निजी विक्रेताओं के पास

11357 मी.टन यूरिया, 2938 मी.टन डीएपी, 10133 मी.टन एसएसपी, 5476 मी.टन एनपीके, 697 मी.टन पोटाश उपलब्ध है।

## कुबेरेश्वरधाम पर आज किया जाएगा श्री हरि-हर मिलन महोत्सव

**सीहोर।** जिला मुख्यालय के समीपस्थ देश और विदेश में प्रसिद्ध कुबेरेश्वरधाम पर मंगलवार की शाम पांच बजे भव्य श्री हरि-हर मिलन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव में शामिल होने के लिए एक दिन पहले ही हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होने के लिए पहुंच रहे है। विठलेश सेवा समिति और प्रशासन ने भी यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए यातायात, पुलिस दल और पार्किंग आदि की व्यवस्था की है। हर साल की तरह इस साल भी अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क भंडारे की व्यवस्था की गई है। सोमवार की सुबह विठलेश सेवा समिति की ओर से पंडित समीर शुक्ला, पंडित विनय मिश्रा सहित अन्य ने यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था की। यहां पर आने वाले श्रद्धालु रात्रि में भजन कीर्तन करेंगे। वहीं सोमवार को पंडित श्री मिश्रा ने कहाकि हरि-हर मिलन की धार्मिक-सांस्कृतिक परम्परा अपना विशेष महत्व रखती है। हर साल मंदिर परिसर में भव्य आयोजन किया जा रहा है। विठलेश सेवा समिति के मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि कार्तिक महीने के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी मंगलवार को मनाई जाएगी। इसे बैकुंठ चतुर्दशी भी कहते हैं। शाम को हरिहर मिलन होगा। हरि यानि भगवान विष्णु और हर मतलब भगवान शिव। इस दिन शिवजी भगवान विष्णु को सृष्टि के संचालन का कार्यभार सौंपेंगे। पौराणिक मान्यताओं के मुताबिक भगवान विष्णु चातुर्मास के दौरान देवशयनी ग्यारस से देवउठनी ग्यारस तक शिव को संपूर्ण जगत की राजसत्ता सौंपकर क्षीरसागर में विश्राम करने जाते हैं। बैकुंठ चतुर्दशी पर ये सत्ता फिर शिवजी भगवान विष्णु को सौंपते हैं। हरि-हर मिलन की परंपरा कार्तिक महीने के शुक्लपक्ष की चतुर्दशी तिथि पर भगवान शिव और विष्णुजी का मिलन करवाया जाता है। दोनों देवताओं की महापूजा की जाती है। रात्रि जागरण भी किया जाता है। माना जाता है कि चातुर्मास खत्म होने के साथ भगवान विष्णु के योग निद्रा से जागते हैं और इस मिलन पर भगवान शिव सृष्टि चलाने की जिम्मेदारी फिर से विष्णु जी को सौंपते हैं। भगवान विष्णु जी का निवास बैकुंठ लोक में होता है इसलिए इस दिन को बैकुंठ चतुर्दशी भी कहते हैं।

## कलेक्टर के निर्देश पर जिले में जल स्त्रोतों पर बनाए जा रहे हैं बोरी बंधान

**सीहोर।** जल संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देश पर जिले में बोरी बंधान बनाकर वर्षा जल को रोकने का कार्य किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य वर्षा के अधिक से अधिक पानी को संग्रहित करना है, ताकि किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध हो सके। बोरी बंधान से एक ओर जहां खेतों में नमी बनी रहेगी, वहीं दूसरी ओर गांवों में पेयजल और मवेशियों के लिए भी पानी की कमी नहीं होगी। प्रशासन का प्रयास है कि जल संरक्षण के इस अभियान में ग्रामीण जन भी सक्रिय रूप से भागीदारी निभाएं, जिससे प्राकृतिक संसाधनों का समुचित उपयोग सुनिश्चित हो सके। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि हर ग्राम पंचायत में संभावित जल स्त्रोतों पर बोरी बंधान बनाने की कार्रवाई समय पर पूर्ण की जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी क्षेत्र में पानी व्यर्थ न बहे।



## स्कूल में 9 वर्षीय बच्ची की मृत्यु, पुलिस जांच में जुटी

**भैरुंदा।** सोमवार को नगर की निजी में स्कूल में 9वर्षीय लड़की की मृत्यु की घटना सामने आई है। नर्मदा कॉलोनी स्थित नीलकंठ रोड नीलकमल शिक्षा निकेतन स्कूल में अज्ञात कारण से अक्षिता पिता विक्रम राजपूत निवासी हाथीघाट उम्र 9वर्षीय मृत्यु हो गई। भैरुंदा थाना पुलिस ने सिविल अस्पताल में पहुंचकर मार्ग क़ायम कर जांच शुरू कर दी। स्कूल प्रबंधन जगदीश शर्मा का कहना है, स्कूल की छुट्टी के दौरान बालिका स्कुल से बाहर निकली और बेहोश हो गई। उन्होंने बालिका के चेहरे पर पानी छिड़क कर होश लाया और एक घुट पानी पिलाया। इसके बाद उसे सिविल हॉस्पिटल लेकर पहुंचे जहा डॉक्टर द्वारा मृत घोषित कर दिया गया, मौत का कारण अभी अज्ञात है भैरुंदा थाना पुलिस मामले की जाँच कर रही है। मिली जानकारी अनुसार माता पिता की इकलौती ही लड़की थी उनका रो रोकर बुला हाल है। बालिका की मौत की खबर सुन कर परिवार व गांव में शोक की लहर दौड़ गई और अस्पताल परिजनों की भीड़ उमड़ पड़ी। पुलिस ने लड़की का पीएम करवा गया और परिजनों को सौंप दिया गया।



## फंदा हाईवे टोल टैक्स पहुंचे, विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल कार्यकर्ता

# इज्तिमा में टोल टैक्स फ्री किया तो हिंदू आयोजन के लिए भी करना होगा फ्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

आलमी तब्लीगी इजितमा मैं वाहनों से आने वाले लोगों के लिए टोल टैक्स फ्री करने की मांग का विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने विरोध शुरू कर दिया है।

सोमवार को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने इंदौर–भोपाल कॉरिडोर होंडा टोल टैक्स पर पहुंचकर काफी देर तक नारेबाजी की ओर टोल टैक्स प्रबंधन को ज्ञापन देकर आलमी तबलीगी इज़ितमे की तरह पंडित प्रदीप मिश्रा के सभी धार्मिक आयोजन और चिंतामन गणेश मंदिर पर लगने वाले 10 दिवसीय मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को 10 दिनों तक टोल टैक्स में छूट देने की मांग की गई।

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला प्रमुख जगदीश कुशवाहा ने बताया कि 14 से 17 नवंबर तक होने वाले इस्लामिक आयोजन के लिए एम.पी.आर.डी.सी के द्वारा टोल फ्री करने की सूचना मिली है।



उन्होंने कहा कि हिन्दू समाज एमपीआरडीसी टोल द्वारा एक वर्ग एवं विशेष समाज के लिए टोल फ्री करने को लेकर गंभीर आपत्ति, घोर निंदा एवं विरोध करता है क्योंकि हिन्दू लोगों के लिए उनके आयोजनों पर टोल फ्री करने का निर्णय कभी नहीं लिया गया है। यह केवल एक समुदाय विशेष के लिए किया जा रहा है।

हिन्दू समाज ने कई बार धार्मिक आयोजन जैसे राम नवमी, गणेश उत्सव, नवरात्रि पर हिन्दू समाज के श्रद्धालुजनों को टोल शुल्क देना पड़ता है। विश्व हिन्दू परिषद् एवं हिन्दू समाज के धार्मिक कार्यक्रमों को कोई रियायत नहीं दी जाती है।

हिन्दू समाज एवं विश्व हिन्दू परिषद् इस पक्षपात का घोर विरोध करता है और एमपीआरडीसी टोल देवास–आलमाला और फंदा टोल, दोनों को चेतावनी देता है कि अगर एक विशेष समुदाय के लिए टोल को फ्री कर रहे हैं, तो जब हिन्दू समाज के ऐतिहासिक प्राचीन गणेश मंदिर पर 10 दिन का मेला लगता है और अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक प्रदीप मिश्रा की कथा होती है तब भी टोल टैक्स हिंदुओं के लिए फ्री करना होगा। मेला नेशनल लेवल का हिन्दू सांस्कृतिक कार्यक्रम होता है, तो उक्त सभी हिन्दू समाज को भी सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजनों पर भी हम सनातनियों को आपके टोल द्वारा रियायत विशेष रूप से मिलनी चाहिए।

## दी ऑक्सफोर्ड विद्यालय की टीम जिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता में बनी उपविजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला बास्केटबॉल संघ सीहोर के तत्वावधान में आयोजित वित्तीय सीहोर जिला स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन कोतवाली बास्केटबॉल ग्राउंड, सीहोर में किया गया।


इस प्रतियोगिता में दि ऑक्सफोर्ड हा.से. स्कूल के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बनाई और शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए उपविजेता का खिताब अपने नाम किया।

समारोह की मुख्य अतिथि सूबेदार प्राची राजपूत रहीं, जिन्होंने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया।



विद्यालय की टीम में पांचों खिलाड़ियों हर्षित कुजूर, सौरव राज, अनंत मारन, गौतम पाटीदार एवं अर्पित चंद्रवंशी ने सराहनीय प्रदर्शन किया। टीम ने यह उपलब्धि विद्यालय के खेल शिक्षक सुमित शर्मा के मार्गदर्शन में हासिल की। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष एड. जॉली कुरियन, प्राचार्य डॉ. बीना जे. कुरियन, खेल शिक्षा अधिकारी अत्ताउल्ला खान, आलोक शर्मा, प्राचार्य, आवासीय खेलकूद संस्थान तथा विद्यालय के स्टाफ ने विजेता छात्रों को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## खबर संक्षेप



### तुलावट संघ के साथी उमराह के लिए रवाना

**सीहोर।** शहर के मंडी स्थित कृषि उपज मंडी में तुलावट संघ के सदस्य पवित्र उमराह के लिए रवाना करने के लिए क्षेत्रवासियों ने उनका स्वागत किया। इस मौके पर संघ के अजमेरी खां ने बताया कि इस मौके पर गल्ला व्यापारी संघ के अध्यक्ष जितेन्द्र राठौर, तुलावट संघ के अध्यक्ष राजेश यादव सहित बड़ी संख्या में उमराह करने जाने वाले सफीक खां का स्वागत किया। इस मौके पर क्षेत्रवासियों ने कहा कि उमराह यात्रियों से वतन में अमन और शांति रहे। लोग आपस में मिल-जुलकर भाईचारे से रहे वतन की शांति के लिए दुआओं की गुजारिश की। अच्छे से जाइए, हंसी-खुशी से ईश्वर आपका उमराह कुबूल अता फरमाए और अपने वतन में सुकून कायम रहे, यह दुआएं हमारी ओर से वहां जाने के बाद करना। नसीब वाले होते हैं वह लोग जिन्हें ईश्वर ऐसा मौका देता है। संघ के अजमेरी ने बताया कि हमारे तुलावट संघ के साथी सफीक खां के बच्चों ने अपने पिता को उमराह यात्रा की व्यवस्था की है। उमरा एक ऐसी आध्यात्मिक यात्रा है जो व्यक्ति के विश्वास को ताज़ा करती है और उसे अपने जीवन में ईश्वर की उपस्थिति का एहसास कराती है। उमरा यात्रा करने मक्का मदीना के लिए रवाना हुए। परिजनों, रिश्तेदारों, एवं मोहल्लेवासियों ने रवाना किया। इस मौके पर उनका स्वागत करने वालों में बाबूलाल सूर्यवंशी, राज नारायण, जय नारायण, प्रकाश, रफीक खां, संतोष, जगदीश यादव, कमल ठाकुर, बने सिंह, हीरालाल, पवन, धनराज, बने परमार, राजू मेवाड़ा, ओम प्रकाश, राजेश राठौर, शदब खा, जीवन यादव, पाल, महेश आदि शामिल थे।

### प्रशासन को पार्किंग व्यवस्थित करानी चाहिए

**सीहोर।** इंदौर-भोपाल हाईवे पर बने बैंकों के पास अपनी पार्किंग नहीं है। बैंक अधिकारी, कर्मचारी और ग्राहक अपने वाहन बैंकों के सामने ही खड़े कर देते हैं। इससे हाईवे पर दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है। सबसे ज्यादा परेशानी बस स्टैंड के सामने होती है। यहां आधी सड़क तक वाहन खड़े रहते हैं। इससे कई बार लंबा जाम लग जाता है। हाईवे पर कई बैंक हैं, लेकिन किसी के पास पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। इससे गुजरने वाले वाहनों को निकलने की जगह नहीं मिलती।

## चक्काजाम से इंदौर-भोपाल मुख्य मार्ग पर वाहनों की रफ्तार थमी, घंटों तक जाम खुलने का इंतजार करना पड़ा

# 24 घंटे के आश्वासन पर माने प्रदर्शनकारी, 7 घंटे बाद भोपाल-इंदौर मार्ग पर यातायात बहाल

भैरूंदा तहसील के भादाकुई गांव से 24 अक्टूबर को लापता हुई यादव समाज की नाबालिग युवती का अब तक सुराग नहीं चल सका है। इसको लेकर परिजनों एवं यदुवंशी समाज के लोगों ने भैरूंदा थाने में शिकायत भी दर्ज कराई है तो वहीं थाना परिसर में बैठकर धरना भी दिया था।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा





नाबालिग लड़की के अपहरण मामले में 7 घंटे से अधिक समय तक भोपाल-इंदौर मुख्य मार्ग को जाम रखने वाले यदुवंशी समाज के प्रदर्शनकारियों ने आखिरकार चक्काजाम समाप्त कर दिया है। यह फैसला तब लिया गया जब केंद्रीय मंत्री और स्थानीय सांसद शिवराज सिंह चौहान ने मामले में सीधे हस्तक्षेप करते हुए पुलिस महानिदेशक (DGP) से बात की और 24 घंटे के भीतर लड़की को बरामद करने का आश्वासन दिया। चक्काजाम समाप्त होने के साथ ही, दोपहर 2 बजे से थमी हुई भोपाल-इंदौर मुख्य मार्ग पर वाहनों की आवाजाही फिर से शुरू हो गई। पुलिस ने सड़क के दोनों ओर फँसे सैकड़ों वाहनों को धीरे-धीरे निकलवाना शुरू किया, जिससे यातायात व्यवस्था सामान्य होने लगी है।

इससे पूर्व, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत ने भी 24 घंटे में सफलता मिलने का विश्वास जताते हुए परिजनों और समाज से पुलिस को जानकारी साझा कर सहयोग करने की अपील की थी।

### क्या है पूरा मामला

भैरूंदा तहसील के भादाकुई गांव से 24 अक्टूबर को लापता हुई यादव समाज की नाबालिग युवती का अब तक सुराग नहीं चल सका है। इसको लेकर परिजनों एवं यदुवंशी समाज के लोगों ने भैरूंदा थाने में शिकायत भी दर्ज कराई है तो वहीं थाना परिसर में बैठकर धरना भी दिया था। अब रविवार को परिजनों एवं समाज के लोगों ने कृषि ऊपज मंडी से लेकर थाना गेट तक रैली निकाली एवं पुलिस प्रशासन के खिलाफ़ विरोध प्रदर्शन किया। समाज के लोगों ने थाने के सामने ही भोपाल-इंदौर मार्ग पर जमीन पर बैठकर घंटों चक्काजाम व धरना प्रदर्शन किया। देर शाम खबर लिखे जाने तक वे सड़क पर चक्काजाम करके बैठे रहे। उनकी मांग है कि युवती को खोजने के साथ ही आरोपी के घर पर बुलडोजर भी चले। समाज के लोग एसपी से मिलने की मांग पर अड़े रहे। परिजनों एवं समाज के लोगों का कहना है कि नाबालिक लड़की को लापता हुए एक सप्ताह से अधिक समय बीत गया है, लेकिन पुलिस अब तक उसको खोज नहीं पाई है।

### दोनों तरह से थम गई वाहनों की रफ्तार

चक्काजाम से इंदौर-भोपाल मुख्य मार्ग पर वाहनों की रफ्तार थम गई और घंटों तक खड़े होकर जाम खुलने का इंतजार करना पड़ा। यातायात पूरी तरह से प्रभावित रहा। यात्री बसें, ट्रक सहित अन्य चार पहिया, दो पहिया वाहन जाम में फंसे रहे। इंदौर भोपाल जाने वाली बसे जाम में फंसी रही तो यात्रियों को भी परेशानी होती रही।

**अब तक नहीं लगा पता :** यदुवंशम सेवा सेना के जिलाध्यक्ष रामकृष्ण यादव ने बताया कि पुलिस प्रशासन की नाकामी के विरोध में धरना प्रदर्शन व चक्काजाम किया गया है। 24 अक्टूबर को भैरुंदा के भादाकुई गांव से यदुवंशी समाज की नाबालिक लड़की घर से लापता हुई थी। 25 अक्टूबर को लड़की के परिजनों ने थाने में पहुंचकर गांव के लड़के के खिलाफ मामला दर्ज करने आवेदन पत्र दिया था। थाना भैरूंदा पुलिस ने 24 घंटों के बाद मामला दर्ज किया। एक सप्ताह से अधिक समय बीत गया। पुलिस को अब तक लड़की का कोई सुराग तक नहीं मिला। इससे पहले 30 अक्टूबर को भैरूंदा एसडीओपी रोशन कुमार जैन व तहसीलदार सौरभ शर्मा को ज्ञापन सौंपा गया था और थाने के सामने बैठकर धरना प्रदर्शन किया था। एसडीओपी व थाना प्रभारी ने परिजनों व सामाजिक संगठन के पदाधिकारियों को आश्वसान दिया था। जल्द ही लड़की की तलाश कर परिजनों को सौंप दिया जाएगा। पुलिस प्रशासन अभी तक लड़की का कोई सुराग नहीं लगा पाई। इसी को लेकर चक्काजाम कर धरना प्रदर्शन किया गया।

### आरोपी के घर पर चले बुलडोजर

यदुवंशम सेवा सेना के जिलाध्यक्ष ने बताया कि हमारी प्रशासन से दो मांगे हैं। दो मांगों में से एक मांग पूरी कर दें। पहली मांग लड़की को ले जाने वाले आरोपी के घर बुलडोजर की कार्रवाई हो या जिला पुलिस प्रशासन एसपी आए हमसे चर्चा करे, आश्वस्त करें कितने दिनों में लापता लड़की की तलाश करेंगे।

### एसडीओपी व थाना प्रभारी की समझाइश पर भी नहीं माने

इधर सड़क मार्ग पर चक्काजाम पर बैठे परिजनों व सामाजिक लोगों से एसडीओपी रोशन कुमार जैन व थाना प्रभारी घनश्याम दांगी ने आश्वस्त करते हुए कहा कि दो से तीन दिनों में लड़की की तलाश कर ली जाएगी। हमारी पुलिस की टीम लगातार लड़की की तलाश में जुटी हुई है, लेकिन परिजन व समाज के लोग अपनी मांग पर अड़े रहे। रेहटी थाना प्रभारी राजेश कहारे भी धरना स्थल पर पहुंचे और चक्काजाम कर रहे लोगों को समझाइश दी, लेकिन वे नहीं माने। देर रात केंद्रीय कृषिमंत्री शिवराज चौहान ने फ़ोन पर समाज के लोगों से चर्चा करते हुए बताया पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से इस मामले में चर्चा की 24 घण्टे का समय दिया गया है। लड़की को परिवार को सौंप दिया जाएगा। इसी को लेकर समाज से 24 घंटे के आश्वासन पर धरना प्रदर्शन चक्काजाम को समाप्त कर दिया।

## जिला कांग्रेस कार्यालय में हुई सीहोर शहर बीएलए-2 की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में शहर (ब्लाक)कांग्रेस अध्यक्ष निशांत वर्मा के नेतृत्व में सीहोर जिला कांग्रेस कार्यालय में सीहोर शहर बीएलए-2 नियुक्त करने हेतु बैठक रविवार, 2 नवम्बर को सीहोर शहर के हर पोलिंग को मजबूत बनाने हेतु बीएलए प्रभारी नियुक्त करने के लिये बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम का संचालन सुनील दुबे ने किया।

बैठक में प्रमुख रूप से विधानसभा प्रभारी दिनेश मैघानी, बीएलए प्रभारी रघुवीर दांगी, राजाराम बड़े भाई, प्रीतम दयाल चौरसिया, नेता प्रतिपक्ष विवेक राठौर, मजीद अंसारी, सुदीप व्यास, इरफान लाला, घनश्याम यादव, दिनेश भैरवे, नरेन्द्र खंगराले, ताराचन्द यादव, मुनव्वर मामू, अरूण राय, भगत तौमर, के.के.रिछारिया, तुलसी राजकुमार राठौर, अशरफ अली, रामायण प्रसाद शुक्ला, हरिओम सिसोदिया, विवेक टाँक, आसिफ अंसारी उपस्थित रहे।

## मतदाता सूची में नाम जुड़वाएं, लोकतंत्र को मजबूत बनाएं : सारिका



**भैरुंदा।** अब जब घर के दरवाजे पर ही वस्तुओं और सेवाओं की आपूर्ति को वर्तमान युवा पीढ़ी आदत में शामिल कर रही है तो इस समय प्रजातंत्र को मजबूत बनाने के लिए सभी पात्र नागरिकों की भागीदारी बढ़ाने भारत निर्वाचन आयोग आपके घर आंगन में ही अपनी सेवाएं देने जा रहा है।

स्वीप आईकॉन सारिका घारू ने इस बारे में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। सारिका ने बताया कि वे मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा के मार्गदर्शन में जागरूकता गतिविधियां कर रही हैं। गीत , पपेट शो तथा अन्य रोचक तरीके से आयोजित कार्यक्रम में सारिका ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण या एसआईआर अभियान में मंगलवार 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर की अवधि क्षेत्र के बीएलओ आपके घर पर पहुंचकर निर्धारित जानकारी प्राप्त करेंगे। इसके लिए आप हाल का ही रंगीन फोटो तथा अपना पहचान पत्र, वोटर कार्ड आदि को तैयार रखें। इसमें जो व्यक्ति 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहा है, वह भी मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकता है। सारिका ने बताया कि शुद्ध मतदाता सूची तैयार करने विशेष गहन पुनरीक्षण 21 वर्ष पहले किया गया था। 1951 से 2004 तक 8 बार विशेष गहन पुनरीक्षण किया जा चुका है। अब यह पुनः किया जा रहा है। सारिका ने संदेश दिया कि एसआईआर कार्यक्रम का लक्ष्य मतदाता सूचियों को शुद्ध करना है, यह सुनिश्चित करते हुए कि कोई भी पात्र मतदाता पीछे न छूटे, और कोई भी अपात्र व्यक्ति सूची में शामिल न हो। इसलिये अब आपकी जिम्मदारी है कि आपके घर पर पहुंचे बीएलओ को पूरी जानकारी दें और लोकतंत्र को मजबूत बनाने दें अपना योगदान।

## विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बताए तंबाकू के दुष्प्रभाव



**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में संचालित किए जा रहे टोबैको फ्री यूथ कैंपेन 3.0 के तहत जिले में अनेक जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में अभियान के तहत स्कूल बच्चों द्वारा जिला चिकित्सालय सहित जिले के विभिन्न स्कूलों में तंबाकू एवं निकोटिन उत्पादों के दुष्प्रभावों पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों और समुदाय को तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्परिणामों से जागरूक करना तथा तंबाकू मुक्त जीवन की प्रेरणा देना था।

नोडल अधिकारी डॉ नेहा सिंह ने बताया कि अभियान के तहत मॉडल नर्सरी हायर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से तंबाकू सेवन से होने वाले स्वास्थ्य नुकसान, सामाजिक प्रभाव तथा लत से मुक्ति के उपायों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर दर्शकों ने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना की और तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया। इसके साथ ही कार्यक्रम में बच्चों को E-सिगरेट (इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट) के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। इस अभियान में शिक्षा, स्वास्थ्य, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग सहित अनेक विभागों द्वारा सहभागिता की जा रही है। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ उमेश श्रीवास्तव, नोडल अधिकारी डॉ नेहा सिंह, स्कूल प्राचार्य बबीता अग्रवाल, शैलेंद्र, ममतेश राठौर सहित अन्य अधिकारी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

### वित्तीय साक्षरता विषय पर सेमिनार आयोजित




**सीहोर।** सोमवार को आईक्यूएसी एवं वाणिज्य विभाग तत्वावधान में शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में वित्तीय साक्षरता विषय पर बीकॉम की छात्रों के लिए एक सेमिनार आयोजित किया गया। इस सेमिनार में मुख्य वक्ता के रूप में अनिमेष उपाध्याय कर सलाहकार ने कार्यक्रम को उद्बोधन दिया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मंजरी अग्निहोत्री, आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. अनूप सिंह, वनस्पति शास्त्र के सहायक प्राध्यापक डॉ. राजेश बकोरिया सहित वाणिज्य विषय के प्राध्यापक उपस्थित रहे कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को धन का प्रबंध बचत निवेश और आर्थिक निर्णय के प्रति जागरूक बनाना था। कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्य अतिथि अनिमेष उपाध्याय द्वारा छात्रों को धन के स्रोतों एवं प्रबंधन के बारे में बताया गया उन्होंने आम के प्रकार बजटिंग के नियम बचत और निवेश का महत्व तथा मुद्रा स्थिति और चक्रवृद्धि ब्याज की अवधारणा भी समझाईं साथ ही उन्होंने जोखिम बीमा कैपिटल मार्केट म्युचुअल फंड तथा ऑनलाइन स्कीम से बचाव पर भी जानकारी दी। इस विशेष व्याचख्याऑन से लगभग 100 छात्राएं लाभांवित हुईं। कार्यक्रम के समापन पर वाणिज्यी विभागाध्यक्ष प्रो. लखन लाल कलेशरिया द्वारा मुख्य वक्ताप एवं वाणिज्या विभाग के डॉ. भारती सक्सेवनाए डॉ. अफरीद्वा हाशमी एवं बृजेश विश्वेकर्मा सहित सभी का आभार व्यपक्तों किया।

## पार्षद प्रतिनिधि भाजपा कार्यकर्ता को गाली देने वाले के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग

# समर्पित भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ किसी भी तरह का दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं करेंगे : विधायक राय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



भाजपा कार्यकर्ता पार्षद प्रतिनिधि कुशवाहा समाज के विशिष्ट पदाधिकारी के साथ दुर्व्यवहार से आक्रोशित कुशवाहा समाज कल्याण समिति के पदाधिकारियों सदस्यों ने घटना की निंदा करते हुए विधायक सुदेश राय को ज्ञापन दिया।

कुशवाहा समाज के लोगों के आक्रोश को ध्यान में रखते हुए विधायक सुदेश राय ने कहा की भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता की सुरक्षा की जिम्मेदारी हमारी है। जनता के लिए समर्पित जनता के काम करने वाले कार्यकर्ताओं के साथ किसी भी तरह का दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कुशवाहा समाज जनों ने समाज के पूर्व पटेल और विशिष्ट व्यक्ति पार्षद प्रतिनिधि समाजसेवी कमलेश कुशवाहा के साथ शनिवार को अभिषेक गुजराती के द्वारा दीनदयाल नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी रेलवे ओवरब्रिज निरीक्षण के लिए पहुंचे ब्रिज कॉरपोरेशन के अधिकारियों और नागरिकों के सामने किए गए अपमानजनक दुर्व्यवहार झूमा झटकी करने गालियां देने पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। विधायक सुदेश राय को दिए ज्ञापन में कुशवाहा समाज अध्यक्ष लखनलाल कुशवाहा,जीवन लाल कुशवाहा, फूलसिंह कुशवाहा दिनेश कुशवाहा लखनलाल कुशवाहा, गोपाल कुशवाहा गौरीशंकर कुशवाहा, विनोद कुशवाहा बनवारी राजकुमार कुशवाहा ने बताया कि हाउसिंग बोर्ड सीहोर के निवासी पार्षद प्रतिनिधी व कुशवाहा समाज के सम्मानित पदाधिकारी कमलेश कुशवाहा नागरिकों के हित में सड़क निर्माण को लेकर ब्रिज कापरिशन के इंजिनियरों से बात करने इसी दौरान अभिषेक गुजराती ने हाउसिंग बोर्ड सीहोर निवासी द्वारा पार्षद दुर्व्यवहार करते हुए गालियां देते हुए कहा कि अब नेतागिरी करने आ गया है। कॉलर पकड़कर झूमाझट और जान से मारने की धमकी देते हुए मारने पीटने की कोशिश की गई। घटना के समय हाउसिंग बोर्ड निवासी महिलाएं भी उपस्थित थीं। कुशवाहा समाज इस तरह का अपमान सहन नहीं करेगा। कुशवाह समाज के सम्मानित पदाधिकारी के साथ हई अशोभनिय घटना का कुशवाह समाज घोर निन्दा करता है और इस घटना को अंजाम देने वाले अभिषेक गुजराती पर सख्त कानूनी कार्यवाही की मांग करता है।

## अन्नकूट महोत्सव में सम्मिलित हुए विधायक सुदेश राय




**सीहोर।** माधव महाकाल सेवा समिति के तत्वावधान में रविवार को अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया। अन्नकूट महोत्सव में विधायक सुदेश राय सम्मिलित हुए और श्रद्धालुओं के साथ प्रसाद ग्रहण किया। राष्ट्रीय संत कथा व्यास पंडित मोहितराम पाठक का विधायक सुदेश राय ने सम्मान कर आशिर्वाद लिया और महोत्सव में पहुंचे पांच हजार से अधिक श्रद्धालुओं का अभिवादन किया। कार्यक्रम में पूर्ण विधि-विधान से भगवान को आचार्य के सानिध्य में 56 भोग लगाया गया। इस मौके पर समिति के पदाधिकारियों ने विधायक सुदेश राय सहित श्रद्धालुओं का सम्मान किया। इस मौके पर पंडित पाठक ने कहाकि गौ माता की पूजा और अन्नकूट का संबंध गोवर्धन पूजा से है, जिसमें प्रकृति और गायों के प्रति आभार व्यक्त किया जाता है। गाय को लक्ष्मी का स्वरूप माना जाता है, जो समृद्धि और स्वास्थ्य प्रदान करती हैं।

### पचोर के बिलापुरा, सारंगपुर बायपास व ढिगलपुर की दुकानों पर खुलेआम चल रहे अहाते

# खुलेआम हाइवे के किनारे चल रहे आहते उड़ रही आबकारी नियमों की धज्जियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

जिले में पचोर व सारंगपुर में शराब दुकानों के साथ चल रहे अवैध अहातों का कारोबार प्रशासन और आबकारी विभाग की आंखों के सामने चल रहा है। नियमों के मुताबिक शराब की दुकानों के साथ किसी भी प्रकार के पीने बैठने की व्यवस्था (अहाता) पर प्रतिबंध है, लेकिन राजगढ़ जिले के कई कस्बों और गांवों में यह धंधा खुलेआम चल रहा है। कई शराब दुकानों के साथ ऐसे अवैध अहाते संचालित हैं, जहां खुलेआम बैठकर शराब परोसी जा रही है। वहीं इन जगहों पर युवाओं की भीड़ लगने से असामाजिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिल रहा है।

पचोर व सारंगपुर के स्थानीय लोगों का कहना है कि इन अवैध अहातों में रोजाना शराबखोरी का माहौल बना रहता है, जिससे आसपास के परिवार और राहगीर परेशान हैं। कई बार शिकायतें भी की गईं, लेकिन आबकारी विभाग और पुलिस की मिलीभगत से कार्रवाई के नाम पर केवल खानापूर्ति ही की जाती है। सूत्रों के अनुसार जिले के राजगढ़, ब्यावरा, खिलचीपुर, नरसिंहगढ़, कुरावर और जीरापुर क्षेत्र में जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इन अवैध अहातों पर तुरंत कार्रवाई की जाए और आबकारी विभाग के अधिकारियों की भूमिका की जांच कर सख्त कदम उठाए जाएं।




#### इनका कहना है...

नहीं हमारे यहां कोई अहाते नहीं चल रहे हैं। यदि ऐसा है तो फिर कार्रवाई की जाएगी।

सौरभ कनासे, एसआई आबकारी सारंगपुर

मैं अभी इसके बारे में कुछ नहीं कह सकता। मैं कहीं पर बैठा हूं।

रितेश कुमार लाल, जिला आबकारी अधिकारी राजगढ़

#### स्थानीय नागरिकों का कहना है







शराब की दुकान तो चलती है, लेकिन उसके साथ बने अहातों में बैठकर लोग देर रात तक शराब पीते हैं। इससे महिलाओं और बच्चों को गुजरना मुश्किल हो जाता है। सवाल यह उठता है कि जब नियम साफ तौर पर अहातों पर रोक लगाते हैं, तो आखिर ये अवैध बार कैसे चल रहे हैं? क्या आबकारी विभाग को इसकी भनक नहीं या फिर सब कुछ जानते हुए भी अनदेखा किया जा रहा है? नेशनल हाइवे से किसी शराब दुकान की दूरी को लेकर मापदंड है परंतु इसके बाद भी दुकाने एनएच से लगी हुई दिखाई दे रही है हालांकि ग्राम पंचायत का आधार बनाकर आबकारी अपने आप को बचा सकता है परंतु एनएच से दूरी पर तो ठेकेदार को आबकारी की छूट स्पष्ट दिखाई देती है।

#### बिलापुरा, सारंगपुर बायपास व ढिंगलपुर में हाइवे पर अहाते

पचोर के बिलापुरा में स्थित शराब दुकान हो या फिर सारंगपुर के वायपास पर स्थित शराब की दुकान या फिर ढिंगलपुर गांव की शराब दुकान सभी दुकानों में खुले आम आहते चलाए जा रहे है परंतु आबकारी अधिकारी सारंगपुर के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही है। कैसे आबकारी नियमों की धज्जियां उड़ाकर अधिकारी ठेकेदार को मनमानी करने दे रहा है। इसमें ठेकेदार और आबकारी अधिकारी सारंगपुर की सांठगांठ भी हो तो बडी बात नहीं होगी। ऐसे अधिकारी पर कार्रवाई आवश्यक है।

#### नगरीय निकाय व ग्राम पंचायत का उठा रहे फायदा

शराब ठेकेदार अपनी दुकानों की लोकेशन इस तरह रखते हैं कि वह या तो नगरीय निकाय में आएगी या फिर ग्राम पंचायत में जिसके कारण हाइवे से दूरी के नियम शिथित पड़ जाते हैं और ठेकेदार हाइवे पर अपना कारोबार चलाते दिखाई देते हैं। नगरीय निकाय को भी नीति बदलना चाहिए और शराब ठेकेदारों को शहर की भलाई के चलते रोड से अंदर की ओर जगह देना चाहिए।

### आरोपियों ने खिलचीपुर क्षेत्र में दिया था घटना को अंजाम

# बिजली के 48 खंबों से एल्यूमीनियम तार चोरी करने वाले 5 गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

खिलचीपुर क्षेत्र में विद्युत विभाग के 48 बिजली पोलों से बड़ी मात्रा में एल्यूमीनियम के तार चोरी होने के मामले में पुलिस को सफलता हाथ लगी है। पुलिस की टीम ने उक्त वारदात को अंजाम देने वाले पांच आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए उनसे माल भी बरामद कर लिया है।

खिलचीपुर थाना प्रभारी उमाशंकर मुकाती ने बताया कि पिछले दिनों विद्युत विभाग की तरफ से शिकायत प्राप्त हुई थी कि अज्ञात आरोपियों ने विभाग के स्वामित्व के 48 बिजली पोलों पर लगे एल्यूमीनियम वायर को चोरी कर लिया है। शिकायत के बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज करते हुए मामले को विवेचना में लिया। विवेचना के दौरान विश्वस्त सूत्रों सहित अन्य से मालूम हुआ कि चोरी की इस वारदात को दांगीपुरा थाना, जिला झालावाड़ एवं कालीपीठ के बदमाशों ने अंजाम दिया है।

#### दो सह-आरोपी अभी भी फरार

पुलिस द्वारा सूक्ष्मता से की गई जांच के बाद पांच आरोपियों प्रकाश पिता हरिसिंह तंवर निवासी राकलिया थाना कालीपीठ, मोरसिंह पिता प्रभुलाल, मुकेश उर्फ मोतीलाल तंवर, बनवारी उर्फ बंटी पिता धूलसिंह तंवर, इंदरसिंह पिता धूलीलाल तंवर सर्व निवासी पीथापुरा थाना दांगीपुरा जिला झालावाड़ को गिरफ्तार करते हुए उनसे एल्युमीनियम वायर जब्त कर लिया गया। मामले में दो राजू पिता मोरसिंह तंवर निवासी पीथापुरा एवं सोहेल कबाड़ी निवासी मनोहर थाना को भी सह-आरोपी बनाया गया है, जिनकी तलाश जारी है।

## मजाक करने पर युवक पर चाकू से हमला, बाल-बाल बची जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

शुक्रवार शाम करीब 5 बजे स्थानीय वार्ड क्रमांक 6 पिंजारा बाखल निवासी युवक पर चाकू से जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, फरियादी रिजवान मसूरी पिता जाकिर मसूरी (18 वर्ष) ने थाना सारंगपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह अपने भाई अरबाज के साथ पुराने बस स्टैंड स्थित अपने रिश्तेदार की दुकान पर गया था। इसी दौरान कमाल बाड़ी के पास उसकी मुलाकात उजेर नामक युवक से हुई। बताया गया है कि मजाक करने पर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। आरोप है कि उजेर ने फोन लगाकर अपने साथी मारूफ को बुला लिया। इसके बाद दोनों ने गाली-गलौज करते हुए रिजवान पर हमला कर दिया। उजेर ने डंडे से उसकी कमर पर वार किया, जबकि मारूफ ने पीछे से उसकी कमर और पीठ पर चाकू से वार किया। हमले में रिजवान गंभीर रूप से घायल हो गया और लहूलुहान होकर गिर पड़ा। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल रिजवान ने अपने भाई अरबाज को फोन कर बुलाया, जिसने मौके पर पहुंचकर उसे तत्काल अस्पताल पहुँचाया।उपचार के बाद रिजवान ने अपने पिता और भाई के साथ थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

## कीचड़ भरे रास्ते से स्कूल जाने को मजबूर नन्हे कदम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर के वार्ड क्रमांक 16 तलेनी में स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय तक पहुंचने वाला रास्ता इन दिनों बदहाल स्थिति में है। बरसात के बाद से सड़क पर कीचड़ और गंदे पानी के कारण छात्रों को स्कूल पहुंचने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हर दिन सुबह बच्चे हाथों में किताबें और बैग लेकर इस कीचड़ भरे रास्ते से गुजरने को मजबूर हैं। कई बार फिसलने और कपड़े खराब होने की घटनाएं भी सामने आई हैं। स्थानीय निवासियों और विद्यालय के शिक्षकों ने जिम्मेदारों से इस समस्या के समाधान की मांग कई बार की, लेकिन आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के बाद से सड़क पर जलभराव की स्थिति बनी हुई है, जिससे दुर्गंध और मच्छरों की समस्या भी बढ़ गई है। बच्चों की सुरक्षा और स्वच्छ वातावरण को ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द इस मार्ग की मरम्मत कर सफाई व्यवस्था की जाए,यही क्षेत्रवासियों की मांग है। कुछ लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे इस मुद्दे को लेकर विरोध प्रदर्शन करने को विवश होंगे।

#### इनका कहना है...

स्कूल सड़क के समीप नाली के पानी की निकासी की जगह नहीं थी निकासी व्यवस्था करवा रहे हैं।

ज्योति सुनेरे सीएमओ सारंगपुर

### आकर्षक झांकियों के साथ नगर के मुख्य मार्गों से निकला जुलूस

# चल समारोह निकालकर मनाया संत शिरोमणि नामदेव जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

नामदेव क्षत्रिय दर्जी समाज ब्यावरा द्वारा रविवार को संत शिरोमणि नामदेव महाराज की 755 वी जयंती पर आयोजन गायत्री शक्तिपीठ पर किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में नगर एवं गांवों से समाज बंधुओं का आगमन हुआ। इस दौरान भव्य चल समारोह सुबह 10 बजे जगात चैक से प्रारंभ होकर मेन मार्केट पीपल चैराह, ओल्ड ए.बी. रोड़ होकर गायत्री शक्तिपीठ पहुंचा। नगर में कई स्थानों पर जुलूस का स्वागत पुष्प वर्षा द्वारा किया गया। जहां संत नामदेव विठ्ठल भगवान की पूजन कर आरती की गई आरती एवं पूजन की सबसे अधिक बोली मुकेश नामदेव लसूडल्या शाह (राजस्थान) वालों के द्वारा लगाई गई व उनके द्वारा पूजन का कार्य किया गया। समाजजनों ने सेकड़ों की संख्या में उपस्थित होकर सामाजिक एकता का परिचय दिया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष गोपाल नामदेव, जिला संयोजक राजेन्द्र नामदेव कार्यकारी अध्यक्ष किशोर जानोरिया, रमेश नामदेव कांसोरकला, जीतू नामदेव बीनागंज सहित समाजजन महिलाऐं एवं बच्चे बड़ी संख्या में मौजूद थे।




## मानस स्कूल के 3 खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय क्रिकेट में हुआ चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

1 से 5 नवंबर शिवपुरी में आयोजित म.प्र. राज्य स्तरीय शालेय नेटबॉल 19 वर्ष बालक-बालिका में मानस हायर सेकंडरी स्कूल की कक्षा 11वी की छात्रा एकता मीना क्रिकेट में ओर शिवम राजपूत 12 वीं, ओर तानिया जाटव 11वी का हैंडबॉल में शिवपुरी में आयोजित 69वी राज्य स्तरीय शालेय क्रिकेट, हैंडबॉल के लिए भोपाल संभाग की टीम मे चयन हुआ है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर संस्था अध्यक्ष महेश अग्रवाल, प्राचार्य आरएस राजपूत, खेल शिक्षिका विद्या चौहान निकिता जोशी सहित समस्त मानस परिवार ने बधाई दी और छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की

# संघ ने निकाला बालोडी मंडल का पथ संचलन

**सारंगपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा शताब्दी वर्ष के अवसर पर समाज में समरसता और राष्ट्र उन्नति के संकल्प को लेकर विभिन्न स्तरों पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में बालोडी मंडल का पथ संचलन रविवार को निकाला गया। जिसमें खंड प्रचारक विश्वासजी ने कहा कि "संघ अपने वैचारिक पाँच संकल्प कृ स्वदेशी, सामाजिक समरसता, पर्यावरण, कुटुंब प्रबोधन और नागरिक शिष्टाचार कृ को लेकर समाज के बीच कार्य कर रहा है। शाखा के माध्यम से स्वयंसेवकों का निर्माण होता है, जो राष्ट्र सेवा के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। उन्होंने बताया कि विजयादशमी से लेकर प्रत्येक नगर, बस्ती और मंडल स्तर तक पथ संचलन आयोजित किया जा रहा है तथा आगे घर-घर संपर्क अभियान चलाया जाएगा, जिससे समाज में संघ का उद्देश्य और विचार व्यापक रूप से पहुंच सके। संचलन में बिगानोदीपुरा, बलोड़ी, खासपुर और जीवाजीपुरा के स्वयंसेवकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरि सिंह सोलंकी ने की। गीत प्रस्तुति अग्रेश चैरसिया, अमृत वचन और उज्जवल शर्मा द्वारा दी गई, जबकि परिचय केशव लवंशी ने कराया। संचलन ग्राम के प्रमुख मार्गों से होकर निकला, जहां ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। कार्यक्रम के समापन पर स्वयंसेवकों के साथ आगामी योजनाओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला बौद्धिक प्रमुख, गतिविधि विभाग, गौ सेवा प्रमुख एवं प्रशिक्षण प्रमुख उपस्थित रहे।



# प्रकाश पर्व पर निकली प्रभात फेरी

**नरसिंहगढ़।** सिख धर्म के प्रथम गुरु गुरुनानक देव महाराज के प्रकाश पर्व के अवसर पर सोमवार प्रातः नगर में प्रभात फेरी निकाली गई। जिसका शुभारंभ सुबह 5 बजे स्थानीय गुरुद्वारे से किया गया, प्रभात फेरी नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः गुरुद्वारे पहुची। प्रभात फेरी के दौरान सिख संगत ने "वहिगुरु अवल अल्ला नूर उपाया, कुदरत के सब बन्दे" सहित पवित्र गुरबाणी का मधुर कीर्तन किया। शबद-कीर्तन की अनुगूँज से नगर का वातावरण श्रद्धा एवं आस्था से सराबोर हो उठा। समाज के सभी वर्गों के लोगों ने प्रभात फेरी में शामिल होकर गुरु नानक देव जी के सार्वभौमिक संदेश मानवता, समानता एवं सेवा की भावना को आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस दौरान ब्यावरा से पधारी संगत ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। गुरुद्वारे में समापन अवसर पर 'सर्वत दा भला' की अरदास की गई। इसके पश्चात श्रद्धालुओं को गुरु का लंगर एवं प्रसादी वितरित की गई। प्रभात फेरी में मंदिर जमात के महंत दीपेंद्र दास, प्रवीण ग्रोवर, बी.के. गुप्ता, प्रणपाल सिंह खींची, सनी शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।



# ब्राह्मण समाज ने हर्षोल्लास से मनाया दीपावली मिलन व अन्नकूट महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कालापीपल

ब्राह्मण समाज संगठन कालापीपल के तत्वावधान में स्नेह मैरिज गार्डन में दीपावली मिलन समारोह एवं अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान परशुराम एवं लड्डू गोपाल की पूजा-अर्चना व महाआरती से हुई। विप्रजनों ने सामूहिक रूप से भोग अर्पित कर समाज में एकता व श्रद्धा का संदेश दिया।

समाज के अध्यक्ष दिनेश नागर ने इस अवसर पर समाज भवन सप्तऋषि भवन में जारी निर्माण कार्य की जानकारी देते हुए समाजजनों के सहयोग की सराहना की। उन्होंने कहा कि समाज की एकजुटता और सहभागिता ही संगठन की वास्तविक शक्ति है। धार्मिक प्रवचन में पंडित प्रदीप नागर ने कहा कि अन्नकूट महोत्सव प्रकृति के समस्त रसों का संगम है, जो श्रीकृष्ण भक्ति का एक प्रमुख सोपान है। उन्होंने बताया कि पृथ्वीलोक पर श्रीकृष्ण की आराधना को सर्वोच्च माना गया है, और उनके बाल स्वरूप की उपासना को सर्वश्रेष्ठ। द्वारकाधीश की भक्ति से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं तथा अन्नकूट सेवा गोविंद की उपासना का पवित्र माध्यम है। कार्यक्रम में वरिष्ठ अभिभाषक राजेंद्र शर्मा, राधेश्याम शर्मा, जेपी शर्मा, कामता प्रसाद शर्मा, घनश्याम शर्मा, श्रीमती राधा शर्मा, बद्री प्रसाद शर्मा, कृष्णकांत शर्मा, एवं पंडित नीरज अग्निहोत्री सहित अनेक समाजजनों ने विचार व्यक्त कर समाज में एकता, सहयोग और संस्कारों के संरक्षण पर बल दिया।




### संयुक्त टीम के पहुंचने से पहले ही नाबालिग को लेकर फरार हुए लड़के पक्ष के लोग

# लाख जागरुकता के बाद भी सामने आने लगे बाल-विवाह के मामले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

बाल-विवाह की रोकथाम के लिए चल रहे प्रयासों के बीच एक गंभीर मामला सामने आया है। यह मामला खिलचीपुर के सोनखेड़ा गांव की एक 15 वर्षीय नाबालिग बालिका से जुड़ा है, जिसकी शादी आगामी 14 नवंबर को कालीपीठ क्षेत्र के आवनपुर गांव में तय की गई थी। जानकारी के अनुसार, यह बालिका पिछले लगभग 4 महीनों से आवनपुर में ही लड़के के घर पर रह रही थी, जबकि विवाह की औपचारिक रस्में आगामी दिनों में संपन्न की जानी थीं। ग्रामीणों ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच पहले विवाद की स्थिति बनी थी, जिसके बाद पंचों ने पंचायत बुलाकर मामला निपटाया।



#### पंचायत के फरमार पर 80 हजार में समझौता

ग्रामीणों के अनुसार विवाद के बाद पंचायत ने यह फरमान जारी किया था कि यदि भविष्य में दोनों पक्षों के बीच झगड़ा हुआ तो जो पक्ष गलती करेगा, उसे 5 लाख रुपये का हर्जाना देना होगा। आरोप है कि उसी दौरान पंचों की उपस्थिति में लड़की के पिता को लगभग 80 हजार रुपये लड़के पक्ष द्वारा दिए गए, जिसके बाद बालिका को उनके घर में ही रख लिया गया। तब से बालिका करीब 4 महीने से वहीं रह रही थी, लेकिन न तो पिता ने इसकी सूचना किसी को दी और न ही लड़के पक्ष ने प्रशासन या पुलिस को अवगत कराया, क्योंकि बालिका नाबालिक थी।

#### बाल विवाह की सूचना पर संयुक्त टीम की तत्परता

14 नवंबर को होने वाले विवाह की सूचना पुलिस सहित महिला एवं बाल विकास विभाग एवं अहिंसा वेलफेयर सोसायटी को प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही रविवार को संयुक्त टीम आवनपुर पहुंची ताकि लड़के पक्ष को समझाइश देकर बाल-विवाह रोका जा सके। लेकिन टीम के पहुंचने से पहले ही लड़की को लड़के पक्ष के परिजन लेकर फरार हो गए। मौके पर जब टीम ने जांच की, तो घर में कोई नहीं मिला। आसपास के लोगों ने पूछताछ में बताया कि टीम के आने की जानकारी मिलते ही परिवार गांव से भाग गया। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि बालिका पिछले 3, 4 महीनों से उसी घर में रह रही थी। संयुक्त टीम के अनुसारयह मामला स्पष्ट रूप से बाल-विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 का उल्लंघन है एवं बालकों से जुड़ा अपराध है क्योंकि बालिका की उम्र 18 वर्ष से कम है। साथ ही नाबालिग को किसी भी रूप में विवाह या वैवाहिक सहजीवन में रखना कानूनन अपराध है।

#### दोनों पक्षों की गंभीर लापरवाही

मामले की जांच से यह स्पष्ट होता है कि दोनों ही पक्षों ने गंभीर लापरवाही बरती है। चार महीने तक नाबालिग बालिका को लड़के के घर रहना, प्रशासन को कोई सूचना न देना, और फिर विवाह की तैयारी करना ये सभी कृत्य कानूनी और सामाजिक रूप से गंभीर अपराध की श्रेणी में आते हैं। इसके अलावा पंचायत द्वारा पांच लाख रुपये के हर्जाने का निर्णय लेना भी न्यायिक अधिकार क्षेत्र से बाहर है और कानून के खिलाफ माना जा रहा है।

**खबर संक्षेप**

## शत्रुंजय महातीर्थ की भाव यात्रा कर मनाया जाएगा कार्तिक पूर्णिमा महापर्व



**जावर।** महिदपुर रोड जैन समाज द्वारा बुधवार को कार्तिक पूर्णिमा महापर्व शत्रुंजय महातीर्थ की भाव यात्रा कर मनाया जाएगा। दोपहर में 1:30 बजे जैन श्री संघ द्वारा सामूहिक देव वंदन किया जाएगा दोपहर 4:30 बजे आदिनाथ भगवान एवं गुरुदेव की आरती उतारी जाएगी तत्पश्चात सकल जैन श्री संघ के धार्मिक वात्सल्य का आयोजन किया जाएगा जैन श्री संघ अध्यक्ष अजय चोरडिया ने समाज के सभी महानुभाव से निवेदन किया कि उक्त कार्तिक पूर्णिमा के मंगलमय कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पधारकर धर्म लाभ प्राप्त करें उक्त जानकारी जैन समाज की मीडिया प्रभारी सचिन भंडारी ने दी।

## मेहंदीपुरा बालाजी की तर्ज पर हो रहा मंदिर निर्माण

**सीहोर।** मेहंदीपुर बालाजी मंदिर भगवान हनुमान हिंदू देवता जिन्हें संकट मोचन माना जाता इसी का रूप अब करोड़ों रुपए की लागत से शहर के बस स्टैंड पर श्री सिद्ध हनुमान मंदिर प्रसिद्ध होने जा रहा है। करीब पांच करोड़ से बनाए जाने वाले हनुमान मंदिर में 2026 में राजस्थान से लाखों रुपए से मंगाई गई जहां पर हनुमान जी के साथ ही भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और जानकी की मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर देश भर के प्रसिद्ध संतों का समागम होगा। इसको लेकर शहर सहित आस-पास के दानदाताओं ने सात दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव और ऐतिहासिक भंडारे के लिए सहयोग देना शुरू कर दिया है। सोमवार को मंदिर में समिति के संरक्षक श्री-श्री 108 पंडित दुर्गाप्रसाद कटारे, समिति के अध्यक्ष रुद्र प्रकाश राठौर, मंदिर के पुजारी अनिल शास्त्री, संस्कार मंच की ओर से मनोज दीक्षित मामा, जगदीश मंदिर चल समारोह के अध्यक्ष सुरेश गब्बर परमार, प्रजापति समाज की ओर से सुनील प्रजापति सहित अन्य ने आगामी ऐतिहासिक भंडारे में 51 क्विंटल आटा, 21 क्विंटल शक्कर, डेढ़ क्विंटल तेल के अलावा शुद्ध घी देने वाले सहयोगियों का समिति ने सम्मान किया।

### आष्टा नगर पालिका ने हटाए 85 आउटसोर्स कर्मचारी

# बिना सूचना निकाले कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन, बोले-कैसे करेंगे भरण पोषण

### हटाए गए कर्मचारियों ने नपा कार्यालय पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर पालिका प्रशासन ने 85 आउटसोर्स कर्मचारियों को अचानक हटा दिया। इसके बाद सोमवार को नगर पालिका कार्यालय में हंगामा हो गया। कर्मचारियों ने कार्यालय पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया और अधिकारियों पर मनमानी करने का आरोप लगाया।

कर्मचारियों ने बताया कि उन्हें बिना किसी पूर्व सूचना के हटाया गया, जबकि वे एक साल पहले टेंडर प्रक्रिया के तहत ठेकेदार के माध्यम से नियुक्त किए गए थे। विरोध के दौरान करीब एक घंटे तक कोई अधिकारी कर्मचारियों से मिलने नहीं पहुंचा। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि वे अब इस मामले की शिकायत कलेक्टर से करने जा रहे हैं।

### अचानक निरस्त किया टेंडर, एक साल में दो टेंडर बदले

जानकारी के अनुसार, नगर पालिका ने बीते एक साल दो टेंडर जारी करे है और वर्तमान में निरस्त किया गया टेंडर महज कुछ माह पूर्व ही दिया वर्तमान में ठेकेदार के माध्यम से इन आउट सोर्स कर्मचारियों को रखा था। ठेका समाप्त होने के बाद ठेकेदार ने सभी 85 कर्मचारियों को हटा दिया। इस मामले में नगर पालिका सीएमओ विनोद प्रजापति ने कहा कि कर्मचारियों की नियुक्ति नगर पालिका ने सीधे नहीं की थी। ठेके की अवधि पूरी होने के कारण ठेकेदार ने उन्हें हटा दिया है। नगर पालिका की आर्थिक स्थिति फिलहाल कमजोर है, लेकिन छह महीने में सुधार की कोशिश की जाएगी। दो महीने का पीएफ जल्द कर्मचारियों के खातों में जमा कराया जाएगा।

### कर्मचारियों ने लगाए रिश्वत और वेतन कटौती के आरोप

आउटसोर्स कर्मचारी रीना बाई और जितेंद्र सिंघम ने बताया कि ठेकेदार ने बिना सूचना के सभी कर्मचारियों को हटा दिया, जिससे परिवार के भरण-पोषण पर संकट आ गया है। उन्होंने कहा कि पूरे साल में हमें कभी 7000 तो कभी 9600 रुपए तक की तनख्वाह दी गई, जबकि शासन के अनुसार हमें कलेक्टर रेट से भुगतान मिलना चाहिए था। कर्मचारियों ने यह भी आरोप लगाया कि 22 महीने का पीएफ जमा नहीं किया गया और नियुक्ति के समय 50,000 रुपए तक की रिश्वत ली गई। उनका कहना है कि ठेकेदार और नगर पालिका के बीच मिलीभगत हो सकती है।

### शिकायत करने पर हटाने की धमकी दी जाती थी

कर्मचारी रामप्रसाद और लताबाई ने बताया कि उन्हें कई महीनों से नियमित वेतन नहीं मिला। हर महीने की 1 से 10 तारीख के बीच तनख्वाह मिलनी चाहिए, लेकिन महीना खत्म हो जाता है और पैसे नहीं मिलते। शिकायत करने पर हटाने की धमकी दी जाती थी। कर्मचारियों का कहना है कि अगर उनकी सुनवाई नगर पालिका में नहीं हुई, तो वे जल्द ही कलेक्टर से मिलकर अपनी शिकायत दर्ज कराएंगे।

## विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में हुई बैठक

### अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बालागुरू के. ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के संबंध में दिए गए निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करें। उन्होंने कहा कि निर्देशों का अच्छी तरह से अध्ययन कर लें। भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर जाकर कोई भी मतदाता 2003 की मतदाता सूची देख सकता है। इसके अलावा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की वेबसाइट पर भी मतदाता सूची उपलब्ध है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बालागुरू के. ने जानकारी दी कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मुद्रण व प्रशिक्षण का कार्य 28 अक्टूबर से 3 नवम्बर तक किया गया है। इसी प्रकार घर-घर गणना का चरण 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक संचालित होगा। प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 9 दिसम्बर को किया जायेगा। इस सूची से संबंधित दावे व आपत्तियां 9 दिसम्बर से 8 जनवरी तक प्राप्त की जायेंगीं। संबंधित रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा नोटिस दिए जाने अर्थात सुनवाई व प्रमाणीकरण का चरण 9 दिसम्बर से 31 जनवरी तक चलेगा। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 7 फरवरी 2026 को किया जायेगा। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सर्जना सिंह यादव, अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर रविन्द्र परमार, एसडीएम तन्मय वर्मा, डिप्टी कलेक्टर स्वाति मिश्रा, जमील खान सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। अनुभागों से राजस्व अधिकारी एवं जनपद स्तरीय अधिकारी वीसी के माध्यम से शामिल हुए।

## स्वामी अवधेशानन्द के जन्मोत्सव पर भजन गायक सुधीर व्यास देंगे प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



कार्तिक पूर्णिमा बुधवार 5 नवम्बर को आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानन्द गिरी महाराज का जन्मोत्सव प्रभु प्रेमी संघ द्वारा भव्यता से मनाया जाएगा। पूज्य स्वामी जी की आष्टा नगर पर महती कृपा बरसती रही है स्वामी जी के प्रति अगाध भक्ति के चलते नगर में स्वामी जी से जुड़े सभी कार्यक्रम भव्यता के साथ सम्पन्न होते हैं। क्षेत्र के सभी प्रभु प्रेमी जन तथा स्वामी जी के भक्तों में कार्तिक पूर्णिमा पर गुरु जन्मोत्सव के लिए भी भारी उत्साह विद्यमान है। विख्यात भजन गायक पंडित सुधीर व्यास इस कार्यक्रम में अपने भजनों की प्रस्तुति देंगे। प्रभु प्रेमी संघ के अध्यक्ष सुरेश पालीवाल तथा महासचिव प्रदीप प्रगति ने जानकारी देते हुए बताया कि जूना पीठाधीश्वर स्वामी अवधेशानन्द जी का जन्मोत्सव स्थानीय गौकुलधाम के विशाल प्रांगण में 5 नवम्बर को शाम 7 बजे से मनाया जाएगा। खुटालिया धाम सरकार पूज्य मोहनसिंह बाबा भी इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में पंडित सुधीर व्यास की भजन प्रस्तुति के साथ ही क्षेत्र के शास्त्रीय संगीतज्ञ राम श्रीवादी के निर्देशन में मंगलाचरण, पूज्य स्वामी का पादुका पूजन तथा आरती की जाएगी। प्रभु प्रेमी संघ ने सभी नगरवासियों से निर्धारित समय पर जन्मोत्सव कार्यक्रम तथा विशाल भजन संध्या में पधारने की अपील की है।

## नव चेतना सेवा समिति के भवन निर्माण का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




चेतना सेवा समिति, मध्य प्रदेश द्वारा अपने भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम 2 नवम्बर को सत्य साईं यूनिवर्सिटी के पास सीहोर बड़े उत्साह व उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता देवसिंह मालवीय (अध्यक्ष, नव चेतना सेवा समिति) ने की। भूमि पूजन का शुभ कार्य समिति के वरिष्ठ सलाहकार बीएल मालवीय के करकमलों द्वारा संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन कृपाल सिंह दूंगारिया ने कुशलतापूर्वक किया। बैठक का आयोजन समिति सचिव डॉ. कैलाश बिलोदिया ने किया। इस अवसर पर समिति के सभी पदाधिकारी, सदस्य एवं समाजसेवी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में समिति के उद्देश्यों, भावी योजनाओं तथा भवन निर्माण की आगामी रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में विशेष रूप से भवानी सिंह मालवीय, रामचरण मालवीय, प्रेम नारायण परमार, रामकिशन मालवीय बाबूलाल मालवीय, भोला प्रसाद बामनिया, दिलीप कुमार मालवीय, झनक सिंह गोयल सीताराम मालवीय, डॉ महेश कुमार मालवीय डॉ देवेंद्र मालवीय देवीसिंह गेहलोत (इंदौर), अशोक मालवीय (मुन्ना भैया, इंदौर) मनोहर मालवीय मोहरसिंह तंबोलिया, धर्मेंद्र मालवीय, महेश चंद मालवीय व अन्य गणमान्य सदस्यगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन सामूहिक शुभकामनाओं और समिति के उज्जवल भविष्य की मंगल कामनाओं के साथ हुआ।

## 35 सौ किमी नर्मदा यात्रा के लिए रवाना हुए यात्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद



रविवार को ग्राम खाचरोद से मां नर्मदा की पैदल परिक्रमा के लिए ग्राम के नवी लाल जाट, लल्लू जाट, अंबाराम जाट, देवनारायण विश्वकर्मा, बद्री जाट, संतोष जाट मां नर्मदा की पैदल परिक्रमा के लिए रवाना होने से पहले ग्राम के मंदिरों में जाकर भगवान के दर्शन कर नेमावर के लिए रवाना हुए।

इस मौके पर ग्राम वासियों द्वारा सभी भक्तों का हार फूल माला पहनाकर स्वागत किया वह मंगलमय यात्रा की बधाई दी। यह यात्रा 3500 किलोमीटर की रहेगी जो 3 महीने में पूरी होगी। रविवार को नेमावर में पूरे विधि विधान से मां नर्मदा की पूजन पाठ कर भक्त परिक्रमा के लिए रवाना हुए।

### श्री विश्वकर्मा मंदिर में धूमधाम से मनाया अन्नकूट महोत्सव

**आष्टा।** श्री विश्वकर्मा समाज द्वारा बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ श्री विश्वकर्मा राधाकृष्ण मंदिर, बुधवारा आष्टा में अन्नकूट महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर में भगवान को 56 भोग अर्पित किए गए और समाज के सभी बंधुओं ने दीप प्रज्वलन कर धार्मिक वातावरण को आनंदित किया। मंदिर में विराजित भगवान श्री राधाकृष्ण जी, बलराम जी और भगवान श्री विश्वकर्मा जी का दिव्य श्रृंगार किया गया, जिससे मंदिर प्रांगण अद्भुत आभा से आलोकित हो उठा। महाआरती के पश्चात भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने भक्ति में लीन होकर भाग लिया। अंत में 56 भोग की प्रसादी सभी उपस्थित भक्तों में वितरित की गई। आयोजन में विश्वकर्मा समाज के सभी सदस्य, समाज बंधु और अन्य श्रद्धालुजन बढ़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने पर आभार समिति के सभी सदस्यो ने प्रकट किया।



## कलेक्टर की अध्यक्षता में टीएल बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने सभी विभागों के समय-सीमा वाले प्रकरणों और सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की और समय सीमा के भीतर सभी प्रकरणों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतें प्राथमिकता से बंद कराई जाएं। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने भावांतर योजना के अंतर्गत खरीदी प्रक्रिया को पारदर्शी एवं सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि मंडियों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने निर्देश दिए कि किसानों द्वारा विक्रय किए गए उपज का भुगतान निर्धारित समय सीमा में किया जाए और किसी भी किसान का भुगतान लंबित न रहे। उन्होंने कहा कि खरीदी प्रक्रिया के दौरान एफएक्यू मानकों के संबंध में शासन के दिशा-निर्देशों का पूर्ण पालन किया जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि मंडियों में साफ-सफाई, तौल मशीनों की सटीकता, परिवहन, उपज के भंडारण और किसानों के विश्राम की सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। कलेक्टर ने यह भी कहा कि भावांतर योजना का लाभ हर पात्र किसान तक पहुंचे। बैठक में उन्होंने नेशनल हाईवे और रेलवे परियोजनाओं के लिए किए जा रहे भू-अर्जन, मुआवजा वितरण तथा कब्जा दिलाने की प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि अधिग्रहित भूमि से संबंधित सभी प्रकरणों को नियमानुसार और पारदर्शी ढंग से शीघ्र निपटाया जाए, ताकि विकास परियोजनाओं में किसी प्रकार की देरी न हो। उन्होंने गीता भवन के लिए उपयुक्त भूमि चयन एवं आवंटन की प्रक्रिया तेज करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने शहरी और ग्रामीण विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए बारिश में क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये, ताकि नागरिकों को आवागमन में कोई परेशानी न हो। कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले में वक्फ संपत्तियों के सत्यापन कार्य में तेजी लाने और इसे प्राथमिकता के साथ शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि सभी वक्फ संपत्तियों का विधिवत सर्वेक्षण एवं अभिलेख सत्यापन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बैठक में छात्रवृत्ति भुगतान से जुड़ी शिकायतों पर भी गंभीरता से चर्चा की और कहा कि छात्रवृत्ति से संबंधित लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण किया जाए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सर्जना सिंह यादव, अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर रविन्द्र परमार, एसडीएम तन्मय वर्मा, डिप्टी कलेक्टर स्वाति मिश्रा सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी बैठक में उपस्थित थे।

### विधायक के जन्मोत्सव और स्थापना दिवस पर हुआ कवि सम्मेलन

# रात 3 बजे तक हुई काव्य वर्षा, हंस हंस कर हुए लोटपोट

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की ओर से विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक गोपालसिंह इंजीनियर के जन्मोत्सव एवं मप्र के स्थापना दिवस पर भारतीय जनता पार्टी विधानसभा क्षेत्र आष्टा के समस्त कार्यकर्ताओं की ओर से नगर के सुभाष चौक चारबत्ती चोराहे पर अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कवि सम्मेलन के शुरू होने के पूर्व विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने सभी आमंत्रित कवियों के साथ मां सरस्वती जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं महान क्रांतिकारी सुभाषचंद्र बोस जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जन्मोत्सव पर आयोजित कवि सम्मेलन का भव्य शुभारंभ किया। कवि सम्मेलन शुभारम्भ के पूर्व मंच पर आष्टा विधानसभा क्षेत्र के सभी आठो मंडलों के अध्यक्ष अंजलि विशाल चौरसिया आष्टा नगर, पिंटू परमार ग्रामीण मंडल, देवजी पटेल कोठरी मंडल, सुनील आर्य मैना मंडल, नरेंद्र सिंह ठाकुर डोडी मंडल, शिव पाटीदार खाचरौद मंडल, राकेश सिसोदिया सिद्दीकगंज मंडल, विजेंद्र सिंह ठाकुर जावर मंडल अध्यक्षो द्वारा एक भव्य माला विधायक गोपालसिंह इंजीनियर को पहनाकर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर का स्वागत और सम्मान कर उन्हें आष्टा विधानसभा क्षेत्र के समस्त कार्यकर्ताओं की बधाई दी। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर के जन्मदिन एवं मध्य प्रदेश स्थापना दिवस पर आयोजित अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन में काव्य पाठ हेतु पधारे देश के विभिन्न प्रांतो से आए राष्ट्रीय कवि श्री शशिकांत यादव देवास मप्र, सरदार प्रताप फौजदार नई दिल्ली, श्री राम भदावर जयपुर, शंभू शिखर मधुबनी बिहार, सुश्री डॉ रुचि चतुर्वेदी आगरा, दिनेश देसी घी बेरछा शाजापुर, अर्जुन अल्हड़ कोटा का विधायक गोपालसिंह इंजीनियर की उपस्तिथि में सभी आठो मंडलो के कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत,सम्मान कर उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किये। रात्रि में जावर के लाखन धाम के बाबा साहब भी कार्यक्रम स्थल पहुचे ओर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर को आशीर्वाद प्रदान किया।

## शिव शक्ति संस्कृतिक मंडल की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



कार्यमंगलम में सोमवार को शिव शक्ति संस्कृतिक मंडल द्वारा संगीतमय सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के भव्य आयोजन को लेकर बैठक आयोजित की गई। सिंधी कॉलोनी में भगवान झूलेलाल मंदिर के सामने मैदान पर वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय के सरंक्षण में भव्य आयोजन किया जाएगा। भाजपा मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति की अध्यक्षता एवं शिव शक्ति संस्कृतिक मंडल अध्यक्ष मनोज शर्मा की विशेष उपास्थिति में कार्यकारिणी का गठन किया गया। सर्वसहमति से महिला मंडल अध्यक्ष भाजपा नेत्री प्रेमलता राठौर को चुना गया। समाजसेवी ऋषि सोलंकी के द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारियों का पुष्प माला पहनाकर अंग वस्त्र भेंटकर स्वागत सम्मान किया गया। इंग्लिशपुरा वार्ड नंबर 6 में आगामी 14 से 20 दिसंबर तक संगीतमय सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जाएगा। श्रद्धालुओं को प्रसिद्ध कथा व्यास सुश्री प्रज्ञा विष्णु प्रिया के द्वारा अपनी मधुर वाणी में प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा मधुर संगीतमय भजनों के साथ श्रवण कराई जाएगी। प्रसिद्ध भजन गायक गोकुल शर्मा के द्वारा अपने भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। आयोजन के लिए गठित की गई कार्यकारिणी में संरक्षक भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाडा, विधायक सुदेश राय,विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर,पूर्व विधायक रमेश सक्सेना,भाजपा नेता गौरव सन्नी महाजन,नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती,पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सीताराम यादव भाजपा नेता डॉ अजय पटेल, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति,भाजपा नेता पंकज गुप्ता,समाजसेवी दीपक सोनी,विवेक राठौर,जितेंद्र तिवारी को चुना गया।